# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 27 जून 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



GET IT ON Google Play

Download App

# Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (RSPCB) के अध्यक्ष पद का कार्यभार किसने ग्रहण किया है?

(A) डॉ. रवि कुमार सुरपुर
(B) रविन्द्र भट्ट
(C) अजय कुमार
(D) इनमें से कोई नही

♦भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने सोमवार को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (RSPCB) के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया।

♦राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल (Rajasthan State Pollution Control Board या RSPCB) एक वैधानिक निकाय है जो राजस्थान राज्य में प्रदूषण को नियंत्रित करने और पर्यावरण की रक्षा करने के लिए जिम्मेदार है।

01. हाल ही में भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी डॉ ललित कुमार पंवार भारत सरकार के किस आयोग में पर्यटन और मेजबानी क्षेत्र पर सुझाव देंगे?

(A) नीति आयोग

(B) पर्यटन विभाग

(C) शिक्षा आयोग

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦ भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी डॉ ललित कुमार पंवार को नीति आयोग में विशेष आमंत्रित सलाहकार के रूप में देश में पर्यटन और मेजबानी क्षेत्र पर सुझाव देंगे।

♦ भारत सरकार में पर्यटन सचिव रहने के साथ ही उन्होंने भारतीय पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के CMD. के रूप में भी सेवाएं दी

♦विश्व स्तर पर राजस्थान की पर्यटन की पहचान बने “पधारो म्हारे देश” स्लोगन भी उन्हीं का दिया हुआ है।

उन्होंने पर्यटन क्षेत्र में ही पीएचडी की है। वह RPSC के अध्यक्ष रहे हैं तथा राजस्थान आईएलडी कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति भी, पंवार समिति सिफारिश पर राजस्थान सरकार द्वारा 9 जिलों व 3 संभाग को रद्द किया गया

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**02. राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल द्वारा नई पहल के तहत ऑन डिमांड एग्जाम की सुविधा कब से शुरू होगी?**

**(A) 1 जुलाई 2025**

**(B) 1 अगस्त 2025**

**(C) 2 अक्टूबर 2025**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

♦राजस्थान में ओपन स्कूल से पढ़ाई कर रहे छात्रों को अब परीक्षा के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल (RSOS) ने छात्रों की सुविधा को देखते हुए एक नई पहल की है, जिसके तहत स्टूडेंट्स अपनी पसंद के विषय और तारीख के अनुसार "ऑन डिमांड एग्जाम" दे सकेंगे।

♦इस नई व्यवस्था की शुरुआत 1 जुलाई 2025 से की जा रही है।

♦ जुलाई महीने से राज्य के तीन प्रमुख शहरों – जयपुर, उदयपुर और बीकानेर – में इस व्यवस्था की शुरुआत की जा रही है। पहले चरण में इन तीनों शहरों के परीक्षा केंद्रों पर यह सुविधा उपलब्ध होगी

03. राजस्थान को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में प्रदेशभर में एक्टिव केस फाइंडिंग Active Case Finding (ACF) अभियान की शुरुआत कब से की गई है?

(a) 20 जून, 2025

(b) 25 जून, 2025

(c) 19 जून, 2025

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल और चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में नया अभियान शुरू किया गया

♦अब 25 जून, 2025 से प्रदेशभर में एक्टिव केस फाइंडिंग Active Case Finding (ACF) अभियान की शुरुआत की गई है. यह प्रदेशव्यापी अभियान 11 जुलाई, 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य टीबी के छिपे मामलों की पहचान करना है.

♦इस अभियान में 1.65 करोड़ से अधिक अति संवेदनशील जनसंख्या की टीबी लक्षणों के लिए स्क्रीनिंग की जाएगी

04. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के किस जिले में विधायक-शिक्षा का साथी' और 'मातृ वन-योजना' का शुभारम्भ किया?

(A) जोधपुर

(B) बीकानेर

(C) भरतपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 26 जून को जोधपुर के मारवाड़ इन्टरनेशनल सेन्टर में 'विधायक-शिक्षा का साथी' और 'मातृ वन-योजना' का शुभारम्भ किया।

♦इन योजनाओं का नवाचार जोधपुर शहर विधायक श्री अतुल भंसाली द्वारा किया गया है।

♦ 'विधायक-शिक्षा का साथी' योजना के माध्यम से जोधपुर शहर के राजकीय विद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ शिक्षा के अवसर उपलब्ध होंगे। छात्रों का व्यक्तित्व विकास कर इन्हें निजी क्षेत्र के विद्यालयों से भी अधिक श्रेष्ठ बनाया जाएगा।

♦ मातृ वन-योजना (एक पेड़ माँ के नाम एवं हरियालों राजस्थान) के अन्तर्गत जोधपुर के वन क्षेत्र में 5 लाख पौधे लगाए जाएंगे

05. फोर्ब्स द्वारा दुनिया के सबसे प्रभावशाली चीफ मार्केटिंग ऑफिसर के रूप में राजस्थान से किसको नवाजा गया?

(A) शुभ्रांशु सिंह

(B) रोशनी नायर

(C) नारायण लाल गुर्जर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➥फोर्ब्स ने दुनिया के सबसे प्रभावशाली चीफ मार्केटिंग ऑफिसर के रूप में राजस्थान के शुभ्रांशु सिंह को नवाजा गया

♦ शुभ्रांशु टाटा मोटर्स के कॉमर्शियल व्हीकल्स बिजनेस यूनिट के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर है।

♦कान्स लायंस इंटरनेशनल फेस्टिवल ऑफ क्रिएटिविटी में फोर्ब्स ने टॉप-50 लोगों की सूची जारी की

♦ इस लिस्ट में शुभ्रांशु 33वें नंबर पर

**06.बाल मजदूरों को मुक्त करवाने के मामले में राजस्थान देश में कौनसे स्थान पर रहा है.**

(A) पहले

(B) दूसरे

(C) तीसरे

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार बाल श्रम और बच्चों की ट्रैफिकिंग से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ वर्ष 2024-25 में चलाए गए अभियानों में बाल मजदूरों को मुक्त करवाने के मामले में राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर रहा है

♦राजस्थान में अभियानों में कुल 3847 बच्चे इस दौरान छुड़वाए हैं, इस लिस्ट में पहले स्थान पर तेलंगाना रहा

आंकड़ों पर नजर डालें तो सबसे ज्यादा बाल श्रमिक प्रदेश उत्तर प्रदेश में हैं. इसके बाद बिहार और तीसरे नंबर पर राजस्थान है.

♦राजस्थान में 2.52 लाख से अधिक बाल श्रमिक हैं. देश के 8-10 फीसदी से ज्यादा बाल श्रम राजस्थान में होता है.

♦दुनिया भर में 12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है.

07.हाल ही में मेड इन राजस्थान' ब्रांड के तहत हाईटेक स्नाइपर राइफल और मल्टी-बैरल मशीनगन का निर्माण कहां शुरू हुआ है?

(A) अजमेर

(B) जयपुर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➡ राजस्थान के जोधपुर में 'मेड इन राजस्थान' ब्रांड के तहत हाईटेक स्नाइपर राइफल और मल्टी-बैरल मशीनगन का निर्माण शुरू हो गया है.

♦1500 करोड़ रुपये के निवेश वाली इस परियोजना को रक्षा मंत्रालय की मंजूरी मिल चुकि है

♦इस परियोजना के तहत निर्मित किए जा रहे हथियारों का परीक्षण पहले ही विदेशों में किया जा चुका है

♦रक्षा मंत्रालय ने इस परियोजना को दो चरणों में मंजूरी दी है, जिससे ये हथियार न केवल भारतीय सेना के लिए उपयोगी होंगे, बल्कि इनका निर्यात भी किया जा सकेगा.

08.राजस्थान सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन की शुरुआत कब हुई है?

(a) 03 जून को

(b) 05 जून को

(c) 06 जून को

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन की शुरुआत हो गई है.

♦मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 06 जून को जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से इस वातानुकूलित ट्रेन को रामेश्वरम और मदुरै की ओर रवाना किया.

✓ वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत पहली बार बुजुर्गों को AC ट्रेन में यात्रा करवाई जाएगी।

✓ इस ट्रेन से 776 वरिष्ठ नागरिको को रामेश्वरम की तीर्थ यात्रा करेंगे।

09. वियतनाम में आयोजित अंडर-17 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में  किस देश की महिला कुश्ती टीम ओवरऑल चैंपियन रही?

(a) भारत

(b) जापान

(c) चीन

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦भारतीय महिला टीम ने अंडर-17 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में ओवरऑल खिताब जीता

♦भारतीय अंडर-17 महिला कुश्ती टीम वियतनाम के चुंग ताऊ में आयोजित अंडर-17 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चैंपियन टीम बनकर उभरी है।

♦भारतीय महिला टीम ने सभी भार वर्गों में अपना दबदबा कायम करते हुए कुल 10 पदक जीते – 5 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य, इस प्रकार 215 अंकों के साथ चैंपियन ट्रॉफी हासिल की।

♦चीन दूसरे और जापान तीसरे स्थान पर रहा।

10. हाल ही में किसने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक जेवलिन थ्रोअर का खिताब जीता?

(a) नीरज चोपड़ा

(b) नदीम

(c) देवेन्द्र झाझरिया

(d) इनमें से कोई नही




GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦नीरज चोपड़ा ने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक जेवलिन थ्रोअर का खिताब जीता

♦एथलेटिक्स में, दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने चेक गणराज्य में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2025 मीट में भाला फेंक का खिताब जीता है।

♦27 वर्षीय भारतीय स्टार ने एक दिवसीय प्रतियोगिता में 85.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पीला पदक जीता।

♦ इस जीत ने नीरज की लगातार दूसरी शीर्ष फिनिश को भी चिह्नित किया।

Today, Quiz:

Q. इंग्लैंड के मैनचेस्टर में आयोजित होने वाली इंटरनेशनल को-ऑपरेटिव अलायंस की जनरल असेंबली में राजस्थान से कौन भाग लेंगे?

(A) भजनलाल शर्मा

(B) वासुदेव देवनानी

(C) सुधांश पंत

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine